राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–154/2024

राज्यपाल ने शहीद दिवस के अवसर पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 11 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शहीद दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में शहीद स्मारक परिसर, पटना स्थित सात अमर शहीदों यथा– स्व० उमाकांत प्रसाद सिंह, स्व० रामानंद सिंह, स्व० सतीश प्रसाद झा, स्व० जगतपति कुमार, स्व० देवीपद चौधरी, स्व० राजेंद्र सिंह एवं स्व० राम गोविन्द सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने बिहार विधानमंडल परिसर में स्थित शहीद पार्क में अमर ज्योति के समक्ष भी पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार विधान सभा के माननीय उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र नारायण यादव, अन्य मंत्रीगण तथा गणमान्य लोगों ने भी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गए। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

....